# University in News on 17 February 2020

## NBT Page 8

# छवि सुधारेगी लखनऊ विश्वविद्यालय की ओपीडी

स्टूडेंट्स करेंगे विवि के कार्यों का प्रचार प्रसार, रिटायर्ड शिक्षक असोसिएशन के वार्षिक उत्सव में वीसी ने की घोषणा

खबरें शिक्षकों व कर्मचारियों की



एलयू के भूगर्भ विभाग में रिटायर्ड शिक्षकों का हुआ सम्मान।

**एनबीटी, लखनऊ:** अस्पतालों की तरह अब लखनऊ विश्वविद्यालय में भी अवर प्यूपल्स डे यानी ओपीडी चलाई जाएगी। इसमें मरीजों का इलाज नहीं बल्कि विवि की खराब छवि सुधारी जाएगी। किसी एक दिन स्टूडेंट्स समाज में जाकर विवि में हो रहे कार्यों का प्रचार-प्रसार करेंगे, जिससे शताब्दी वर्ष में विवि की छवी बेहतर बन सकेगी। यह घोषणा रविवार को एलयू वीसी प्रो. आलोक कुमार राय ने की। वह एलयू के भूगर्भ विभाग में रिटायर्ड शिक्षक असोसिएशन के वार्षिक उत्सव में बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहे। इस दौरान वीसी ने शताब्दी वर्ष में विश्वविद्यालय की योजनाओं के बारे में बताया।

कार्यक्रम के दौरान वीसी ने बताया कि हमारा प्रयास है कि रिसर्च को कैसे बढ़ावा मिले। साथ ही पीएचडी के लिए एक ऑर्डिनेंस बना रहे और पार्ट टाइम पीएचडी कोर्स पर भी विचार कर रहे हैं। उन्होंने बताया ओपीडी के लिए एक प्रॉजेक्ट मिनिस्ट्री ऑफ इन्वायरमेंट को बना कर दिया है। इसके पास होते ही उस प्रॉजेक्ट से हम काम करेंगे।

### क्लास ले सकेंगे रिटायर्ड शिक्षक

कार्यक्रम में वीसी ने रिटायर्ड शिक्षकों से सहयोग करने की अपील की। साथ ही उन्हें क्लास लेने के लिए कहा। इस मौके पर असोसिएशन के प्रो. दिनेश कुमार, डॉ. केडी सिंह, प्रो. एसस एन भट्टाचार्या, प्रो. एमआर मौर्य मौजूद रहे।